# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 11.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के विशेश सत्र के दौरान राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार ने कहा– किसानों को ब्याज रहित ऋण उपलब्ध कराएगी सरकार, पांच सौ सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना।**
2. **वित्तमंत्री राधा कृश्ण किशोर ने चालू वित्तीय वर्श के लिए ग्यारह हजार छह सौ संतानवे करोड़ रूपये का पेश किया अनुपूरक बजट।**
3. **असिस्टेंट प्रोफेसर में नियुक्ति और पीएचडी में नामांकन के लिए पात्र अभ्यर्थियों के जेट सर्टिफिकेट की मान्यता बढ़ी, अब दो साल की जगह हमेशा के लिए मान्य होगा सर्टिफिकेट।**
4. **झारखंड उच्च न्यायालय ने पेयजल तथा स्वच्छता विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों को हटाने पर लगाई रोक।**
5. **छत्तीसगढ़ में चल रही 29वीं राश्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने तमिलनाडु को तीन–शून्य से हराया।**

****************************

षष्ठम झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण के दौरान राज्य सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं से सदन को अवगत कराया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार किसानों को बिना किसी ब्याज के ऋण उपलब्ध कराएगी।

श्री गंगवार ने कहा कि साल दो हजार सत्रह से गैर मजरूआ जमीन की रसीद काटने पर लगी रोक हटायी जाएगी।

राज्यपाल ने राज्य की हो, मुंडारी और कुडुख भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की बात कही।

****************************

झारखंड विधानसभा में चालू वित्तीय वर्ष के लिए आज राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने ग्यारह हजार छह सौ संतानवे करोड़ रूपये का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया।

****************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। देश के 51 केन्द्रों में आयोजित फाइनल में विद्यार्थियों की एक हजार तीन सौ से अधिक टीमें भाग लेंगी।

स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन दैनिक जीवन में आने वाली प्रमुख समस्याओं के समाधान का मंच उपलब्ध कराने की राष्ट्रव्यापी पहल है। इसके माध्यम से चुनौतियों के नवाचारी समाधान की क्षमता विकसित होती है। शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नवाचार, उद्यमिता और रचनात्मकता को बढावा देने के लिए एक साथ इन 51 केन्द्रों पर हैकेथॉन का आयोजन कर रही है।

****************************

राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए जिन अभ्यर्थियों की अधिकतम उम्र सीमा मान्य है उनके झारखंड पात्रता परीक्षा–जेट सर्टिफिकेट की वैधता दो साल से बढ़ाकर हमेशा के लिए कर दी गई है। वहीं पीएचडी में नामांकन के लिए भी सर्टिफिकेट की मान्यता हमेशा के लिए स्वीकृत होगी। राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में हो रहे विलंब को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है। बता दें कि जेपीएससी अध्यक्ष पद रिक्त होने के कारण झारखंड पात्रता परीक्षा का आयोजन नहीं हो पा रहा है। इस कारण राज्य के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में होने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति प्रक्रिया भी बाधित है।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने पेयजल तथा स्वच्छता विभाग में कार्यरत संविदाकर्मियों को हटाने पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक की अदालत ने सुनवाई के दौरान विभाग में अनुबंध पर कार्यरत प्रखंड समन्वयक और सोशल मोबिलाइजर की नियुक्ति को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। इस मामले में उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को चार सप्ताह के अंदर शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है।

**********************

राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने रांची के मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण कर संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसे समय पर पूरा करें।

**********************

झारखंड भाजपा विधायक दल की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में बीजेपी का संगठन पर्व चल रहा है। वहीं दूसरी ओर विधानसभा का विशेष सत्र भी चल रहा है। दोनों गतिविधियों को लेकर पार्टी ने रणनीति तैयार की है।

**********************

सिमडेगा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********************

मौसम विभाग ने संथाल परगना, कोल्हान प्रमंडल समेत राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह के वक्त कोहरा से बचाव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयेगी।

**********************

छत्तीसगढ़ में चल रही 29वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड ने तमिलनाडु को तीन–शून्य से हरा दिया है। झारखंड की ओर से अमिषा बाखला ने हैट्रिक गोल किए।

**********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- जमशेदपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।
- गोड्डा जिले के हनवारा थाना क्षेत्र से पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
- गोड्डा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरगामा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

********समाप्त*********